PDF Compressor Free Version

कार्यालय जिला कलक्टर, बून्दी

दिनांक : 13.3.2012

संख्या :– 06

:: आदेश ::

अधिशाषी अभियन्ता,सार्वजनिक निर्माण विभाग,खण्ड बून्दी ने पत्रांक 2902 दिनांक 11.9.08 प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (CUPL) के अन्तर्गत अपग्रेडेशन ऑफ एक्जिस्टिंग बी.टी.रोड लक्ष्मीपुरा से बून्दी कि.मी. 7/550 से 9/470 सड़क निर्माण में आ रही 1.92 हैक्टेयर वन भूमि के समतुल्य अन्य राजकीय सिवायचक भूमि प्रत्यावर्तन बाबत आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया। तहसीलदार बून्दी के पत्रांक 842 दिनांक 31.8.10 से उक्त सडक में आ रही वन भूमि ग्राम लक्ष्मीपुरा के खसरा संख्या 868/43, 850/44, 870/45 व 873/47 में से 0.77 हैक्टेयर तथा ग्राम भरताबावडी के खसरा सं. 336 रकबा 1.15 हैक्टेयर किस्म ''झाड झंखाड वाले वन (चरागाह हेतु) राजकीय सिवायचक'' भूमि सहित कुल 1.92 हैक्टेयर भूमि प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव प्रेषित किये है।

शासन उप सचिव, राजस्व(ग्रुप–3)विभाग,राजस्थान जयपुर की स्वीकृति पत्रांक प. 6(315) राज./ग्रुप–3/97 दिनांक 7.6.99 के अनुसरण मे इस कार्यालय के पूर्व आदेश पृष्ठांकन एफ.8–5(10)राजस्व/94/1927–35 दिनांक 15.6.99 से चाकन सिंचाई परियोजना हेतु वन भूमि के एवज में 289.53 हैक्टेयर राजकीय सिवायचक भूमि वन विभाग को दी गई थी। अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन परियोजना खण्ड बून्दी ने पत्र कमांक अ.अ./ज.सं.परि./तक./प– 2411/3117 दिनांक 3.2.09 से अवगत कराया कि चाकन लघु सिंचाई परियोजना में वन विभाग की कोई भूमि अधिग्रहण नही की गई । फलस्वरूप उक्त आदेश से दी गई भूमि वन विभाग के पास सुरक्षित है। मण्डल वन अधिकारी, बून्दी ने अपने पत्र कमांकःएफ( )वन संरक्षण/प्रअ /09/1916 दिनांक 17.2.12 से चाकन सिंचाई परियोजना हेतु पूर्व में दी गई भूमि में से दिये जाने की सहमति प्रदान की है।

अतः वन विभाग को पूर्व में चाकन सिंचाई परियोजना हेतु दी गई 289.53 हैक्टेयर भूमि में से 1.92 हैक्टेयर भूमि का समायोजन किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदत्त की जाती है।

जिला कलक्टर,बून्दी

दिनांक : 13.3.2012

कमांक एफ 8–5(44)राजस्व/03/ 964-70

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. शासन उप सचिव, राजस्व (ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान जयपुर
2. मण्डल वन अधिकारी, बून्दी
3. उपखण्ड अधिकारी, बून्दी
4. अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. वृत्त , बून्दी
5. अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.खण्ड, बून्दी
6. तहसीलदार, बून्दी
7. आदेश पत्रावली

Office of the Executive Engineer PWD Divn. BUNDI
R.R. No 4768 13/3/12
R.Clerk OA DA TA EE

जिला कलक्टर, बून्दी